Seat No. : _______________

AM-101(H)

April-2022

B.Com., Sem.-VI

CE-304 (A) : Advanced Accounting & Auditing

Time : 2 Hours] **[Max. Marks : 50**

(Hindi Version)

सूचनाएँ : (1) विभाग-**I** के सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

(2) विभाग-**I** में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(3) विभाग-**II** का प्रश्न नं.–**5** अनिवार्य है ।

विभाग-I

किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1. (A) कंपनी के किन्हीं दो महत्त्वपूर्ण दस्तावेजों के महत्त्व की व्याख्या कीजिए तथा अंकेक्षक द्वारा इन दस्तावेजों की जाँच के समय ध्यान में रखने योग्य बातों की चर्चा कीजिए । **10**

   (B) अंशों के अन्तरण तथा अंशों के अन्तरण के संदर्भ में अंकेक्षक की जवाबदारियों के सम्बन्ध में कंपनी अधिनियम के प्रावधानों की व्याख्या कीजिए । **10**

2. (A) अच्छे अंकेक्षण प्रतिवेदन के लक्षणों की जानकारी दीजिए । **10**

   (B) त्रुटि रहित रिपोर्ट (clean report) तथा त्रुटि युक्त रिपोर्ट (qualified report) के बीच में भेद लिखिए । **10**

3. (A) अन्तरिम लाभांश अर्थात् क्या ? अन्तरिम लाभांश पर सलाह देने से पूर्व अंकेक्षक को किन बिन्दुओं को ध्यान में रखना चाहिए ? **10**

   (B) "देवर्श लि." की निम्न जानकारी के आधार पर, वर्ष 2021-22 के लिए विभाज्य लाभ की गणना कीजिए । **10**

वर्ष	**ह्रास के पूर्व लाभ अथवा हानि (₹)**	**प्रदत्त ह्रास (₹)**	**कंपनी अधिनियम के अनुसार ह्रास (₹)**
2019-20	– 40,000	4,000	14,000
2020-21	– 10,000	6,000	21,000
2021-22	+ 80,000	8,000	28,000

4. (A) अंकेक्षण एवं अन्वेक्षण के बीच भेद समझाइए । **10**

(B) "कल्पतरू चैरिटेबल ट्रस्ट अस्पताल" का अंकेक्षण कार्यक्रम (Audit Programme) तैयार कीजिए । **10**

विभाग-II

5. सही विकल्प चुनिए : (कोई **पाँच**) **10**

(1) अंडरराइटिंग कमीशन की अधिकतम दर अंश एवं डिबेन्चर के लिए क्रमशः नीचे अनुसार है :

(a) अंशों के लिए 2.5% तथा डिबेन्चर के लिए 5%

(b) अंशों के लिए 5% तथा डिबेन्चर के लिए 5%

(c) अंशों के लिए 2.5% तथा डिबेन्चर के लिए 2.5%

(d) अंशों के लिए 5% तथा डिबेन्चर के लिए 2.5%

(2) दो बोनस निर्गम के बीच कम से कम कितनी समयावधि का अंतर होना चाहिए ?

(a) 12 महिने (b) 24 महिने

(c) 36 महिने (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(3) कंपनी के मेमोरेन्डम ऑफ असोसियेशन में नीचे दिए गए किस खंड का समावेश नहीं होता ?

(a) नाम का खंड (b) सदस्यों की जवाबदारी का खंड

(c) कंपनी के रजिस्टर्ड ऑफिस का पता (d) अंशधारकों के हक का खंड

(4) कंपनी के अंकेक्षक को अपनी रिपोर्ट नीचे दिए गए पक्षों में से किस पक्षकार को उद्देशित करके लिखनी होती है ?

(a) कंपनी के अंशधारकों को (b) केन्द्र सरकार को

(c) कम्पनी के बोर्ड ऑफ डिरेक्टर्स को (d) कंपनी सेक्रेटरी को

(5) ________ एकत्रित तथा विचारणा के पश्चात् व्यक्त किए गए तथ्यों का विवरण है ।

(a) अंकेक्षण कार्यक्रम (b) रिपोर्ट

(c) वार्षिक हिसाब (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(6) कंपनी अधिनियम की धारा–208 के अन्तर्गत पूँजी में से ब्याज देने की दर प्रतिवर्ष ________ से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

(a) 8% (b) 10%

(c) 4% (d) 12%

(7) जिस लाभ को विहित दर से अंशधारकों के बीच लाभांश के रूप में वितरित किया जा सके ऐसे लाभ को ________ कहते हैं ।

(a) विभाज्य लाभ (b) प्रत्याशित लाभ

(c) अधि–लाभ (d) पूँजी लाभ

(8) अन्वेक्षण करते समय ध्यान में न लेने योग्य मुद्दा

(a) कच्चे माल का प्रतिशत (b) डिरेक्टर्स की अपात्रता

(c) अन्वेक्षण की समयावधि (d) नकद के गबन की जाँच

(9) लेनदार अथवा लोन मंजूर करने वाली बैंक की ओर से अन्वेषण करते समय निम्न में से कौन सा मुद्दा सुसंगत नहीं है ?

(a) लोन के उद्देश्य की जाँच

(b) दी गई प्रतिभूतियों की जाँच

(c) भूतकाल में नामंजूर हुई लोन के आवेदन की जानकारियाँ

(d) संभवित उधार लेने वाले के स्टॉक तथा अन्य मिलकतों का मूल्यांकन करना

(10) लाभांश घोषित करने के बाद ________ दिनों में लाभांश वॉरंट सदस्यों के पास पोस्ट करने होते हैं ।

(a) 21 (b) 30

(c) 42 (d) 15

(11) निम्न में से कौन सा वाक्य सही है ।

(a) भारत के कंपनी अधिनियम के अनुसार अन्वेक्षण अनिवार्य है ।

(b) अन्वेषण किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए हिसाबी जाँच है ।

(c) अन्वेषण हमेशा SEBI द्वारा जारी की गई मार्गदर्शिका के आधार पर करना होता है ।

(d) अंकेक्षण रिपोर्ट में अन्वेक्षण की जानकारियों का समावेश आवश्यक है ।

(12) यदि अंकेक्षक ने एक त्रुटियुक्त रिपोर्ट दी हो तो उसका परिणाम क्या आ सकता है ?

(a) बोर्ड ऑफ डिरेक्टर्स को इस्तीफा देना पड़ेगा ।

(b) केन्द्र सरकार कंपनी के डिरेक्टरों पर दंड लगा सकते हैं ।

(c) जिस मान्य शेयर बाज़ार पर कंपनी के अंश रजिस्टर्ड हैं वह शेयर बाजार उसकी मान्यता को रद्द कर सकते हैं ।

(d) बोर्ड ऑफ डिरेक्टर्स को बोर्ड रिपोर्ट में इन त्रुटियों का जवाब देना पड़ सकता है ।